web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 28 नवंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 61

महत्वपूर्ण एवं खास

सोमालिया में अल-शबाब के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए

मोगादिशु। अल-शबाब के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने स्थानीय मीडिया से इसकी पुष्टि की। मध्य सोमालिया के मध्य शबेले और हिरान क्षेत्रों की सीमा पर सोमालिया नेशनल आर्मी और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के सुनियोजित अभियान के दौरान यह आतंकवादी मारे गए हैं। सूचना, संस्कृति और पर्यटन उप मंत्री अब्दिरहमान यूसुफ अल-अडाला ने कहा कि मृतकों में 10 सरगना शामिल हैं।

दो गुटों के बीच हुई मारपीट में छात्र की मौत

लखनऊ (आरएनएस)। दो गुटों में हुई मारपीट में लखनऊ पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 के एक छात्र की मौत हो गई। यह घटना गोमती नगर के विनमरा खंड इलाके में परिसर के बाहर छात्रों के दो समूहों के बीच हुई मारपीट के दौरान हुई। यह जानकारी पुलिस ने दी है। डीसीपी (पूर्व) प्राची सिंह ने कहा कि अंश तिवारी नाम का लडक़ा दो गुटों के बीच हुई झड़प के दौरान बेहोश हो गया। उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, छात्र के शरीर पर कोई बड़ी चोट नहीं दिख रही थी और यह भी स्पष्ट नहीं है कि उसकी मौत कैसे हुई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस को अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन इस संबंध में लडक़े के परिवार से संपर्क किया गया है। डीसीपी ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। एलपीएस अधिकारियों ने पुष्टि की कि अंश तिवारी उनके स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था, लेकिन 22 नवंबर से स्कूल नहीं आ रहा था। स्कूल के संस्थापक प्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि लडक़ा खेल में अच्छा था लेकिन पढ़ाई में औसत था। उन्होंने कहा, घटना स्कूल परिसर के बाहर हुई। उसकी मौत की जानकारी मिलने के बाद स्कूल स्टाफ अस्पताल पहुंचा।

मिस्र के राष्ट्रपति होंगे गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि,

दो साल बाद कोई विदेशी मेहमान होगा शामिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी 2023 को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य तिथि होंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। बता दें, दोनों देशों ने इसी साल राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई है। पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिस्र यात्रा के दौरान राष्ट्रपति अल-सिसी से मुलाकात की थी। इससे पहले, 2021 में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। हालांकि, तब ब्रिटेन में कोरोना महामारी ने तबाही मचाई थी और आखिर में जॉनसन ने भारत आने में असमर्थता जताई थी। बता दें, कोरोनावायरस महामारी के चलते लगातार दो साल तक गणतंत्र दिवस पर किसी विदेशी नेता को मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया था। अब दो साल बाद कोई विदेशी मेहमान हमारे समारोह में शामिल होगा।

बड़े बाड़े से निकला तेंदुआ, माता चीतों को छोड़ने की राह आसान

श्योपुर (आरएनएस)। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों के लिए बनाए बड़े बाड़े में घुसकर वन विभाग की टीम को छका रहा तेंदुआ तीन महीने बाद बाहर निकल गया है। इसकी पुष्टि बाड़े के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से हुई है। तेंदुआ शेष चीतों को इस बाड़े में छोडऩे की राह में रोड़ा बना हुआ है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 17 सितम्बर को छोड़े गए चीतों को क्वारंटाइन अवधि पूरी होने के बाद बड़े बाड़े में छोडऩे का क्रम शुरु हो गया है। तीन चीतों को अलग-अलग बड़े बाड़ों में छोड़ भी दिया गया है। शेष पांच चीतों को छोडऩे में देरी हो रही थी, इसके पीछे एक तेंदुए के बाड़े बाड़े में बने कंपार्टमेंट नंबर पांच और छह में घूमते दिखाई देना भी था। विशेषज्ञों ने खतरा भांपते हुए शेष चीतों को इस बाड़े में छोडऩा उचित नहीं समझा। कूनो प्रबंधन तेंदुए को बाड़े से बाहर निकालने में जुटा था। सतपुड़ा से लाए गए हाथियों को भी सहारा लिया गया था। आखिरकार गत दिवस तेंदुआ छलांग लगाकर बड़े बाड़े से निकल गया। तेंदुआ बाहर निकलने के बाद मादा चीतों को जल्द ही बड़े बाड़े में छोडऩे की संभावना जताई जा रही है।

छत्तीसगढ़ बना उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन हासिल करने वाला देश का चौथा राज्य

- अमलेश्वर और निसदा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बने राज्य के पहले एनक्यूएएस सर्टिफाइड उप स्वास्थ्य केंद्र
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन
- प्रदेश के 57 शासकीय अस्पतालों को अब तक मिल चुका है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन हासिल करने वाला देश का चौथा राज्य बन गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दुर्ग जिले के अमलेश्वर और रायपुर जिले के निसदा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण और मूल्याकंन के बाद एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र जारी किया है। राज्य के 57 शासकीय अस्पतालों को अब तक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र से नवाजा जा चुका है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सेवाओं के मूल्यांकन में अमलेश्वर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केंद्र को 94 प्रतिशत और निसदा को 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों का इस वर्ष जुलाई में केंद्रीय टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया था। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केन्द्रों का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन 12 मानकों के आधार पर किया जाता है। इसके लिए संस्था द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

प्रदेश के कुल 57 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदेश के कुल 57 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है। इनमें दस जिला अस्पताल, सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 26 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,12 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और दो उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन का उद्देश्य अस्पतालों की सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए आम जनता तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है।

चंद्रपुर में रेलवे फुटओवर ब्रिज गिरा, 60 फीट की ऊंचाई से गिरे लोग, 13 जख्मी

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर रविवार को बड़ा हादसा हो गया। बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर बना फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा गिर गया। इस पुल की ऊंचाई करीब 60 फीट थी। हादसे के वक्त कई यात्री इससे गुजर रहे थे। पुल का हिस्सा टूटते ही यात्री 60 फीट नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गए। इस हादसे में 13 लोग घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर युद्ध स्तर पर राहत कार्य जारी है। उधर, हादसे के बाद रेलवे ने मुआवजे की घोषणा की है। इसके तहत गंभीर रूप से घायलों को एक लाख और सामान्य रूप से घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार, बल्लारशाह स्टेशन पर घटना के वक्त कई यात्री काजीपेट-पुणे एक्सप्रेस पकडऩे के लिए प्लेटफॉर्म नंबर एक से प्लेटफॉर्म नंबर चार पर जा रहे थे। अचानक पुल का सेंट्रल स्लैब गिर गया। इससे वहां से गुजरने वाले यात्री सीधे पटरी से उतर गए। घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने बताया कि नागपुर मंडल के बल्लारशाह में रविवार शाम करीब 5.10 बजे फुट ओवर ब्रिज का प्री-कास्ट स्लैब का हिस्सा गिर गया। घटना में 4 लोग घायल हो गए और सभी को प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल भेज दिया गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

चूहे को पानी में डुबोकर मारने के आरोप में 10 घंटे खानी पड़ी हवालात की हवा

बदायूं (आरएनएस)। चूहे को पानी में डुबोकर मारने के आरोप में एक व्यक्ति को 10 घंटे पुलिस हिरासत में बिताना पड़ा। आरोपी की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जांच की जा रही है। हालांकि सर्कल अधिकारी आलोक मिश्रा ने कहा कि मामले में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम लागू नहीं होता, क्योंकि चूहे जानवरों की श्रेणी में नहीं आते हैं। उन्होंने कहा, हमने मामले में कानूनी राय मांगी है और उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि पशु कार्यकर्ता विकेंद्र शर्मा ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी।

विकेंद्र ने अपनी शिकायत में कहा, मैंने देखा कि आरोपी चूहे की पूंछ में पत्थर बांधकर और उसे नाली के पानी में डुबो कर उसे प्रताडि़त कर रहा था। मनोज कुमार ने उससे पूछताछ की तो उसने जवाब दिया कि वह इस हरकत को दोहराएगा।

शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने चूहे को छुड़ाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं रहा। दिलचस्प बात यह है कि पुलिस ने मृत चूहे को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेज दिया। लेकिन पशु चिकित्सा अस्पताल के कर्मचारियों ने शव परीक्षण करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मृत चूहे को बदायूं से लगभग 60 किलोमीटर दूर बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) भेजा गया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि आईवीआरआई के अधिकारियों ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि मृत चूहे की जांच के लिए शिकायतकर्ता ने खुद 225 रुपये का भुगतान किया।

सोते हुए परिवार को गोलियों से भूना, 3 सगे भाइयों की मौके पर मौत

भरतपुर (आरएनएस)। भरतपुर जिले के कुम्हेर थाना इलाके के गांव सिकरौरा में आपसी रंजिश को लेकर देर रात फायरिंग का मामला सामने आया है। इस दौरान 3 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। तीनों मृतक सगे भाई थे। वहीं गोली लगने से इसी परिवार के तीन अन्य लोग भी घायल हैं जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने मृतकों के शवों को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना से वहां तनाव फैल गया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

पुलिस के अनुसार वारदात भरतपुर जिले के कुम्हेर थाना इलाके के सिकरौरा गांव में हुई। वहां आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस पर एक पक्ष के युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोते हुए परिवार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें गोली लगने से तीन सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई और दो महिलाओं सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोलियों की आवाज पर गांव में हडक़ंप मच गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग छूटे।

बाद में ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित किया और घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। वहां से उनको प्राथमिक उपचार देकर गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया। वहीं तीनों मृतकों के शवों को कुम्हेर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। फायरिंग में तीन लोगों की मौत से पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि लाखन और टैनपाल के बीच 3 दिन पहले कोई झगड़ा हुआ था। उसके बाद देर रात को लाखन अपने साथियों के साथ पहुंचा और टैनपाल के परिवार पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें तीन सगे भाइयों गजेंद्र, समुंदर और ईश्वर सिंह की मौत हो गई। इसके अलावा मृतक गजेंद्र का पुत्र टैनपाल और उसकी मां और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। गांव में तनाव के हालात को देखते हुए वहां भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। फिलहाल आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

ट्रक की चपेट में आने से भारतीय छात्र की मौत

टोरंटो। टोरंटो में हरियाणा के 20 वर्षीय एक भारतीय छात्र को एक पिकअप ट्रक ने तब टक्कर मारी और घसीटा जब वह साइकिल पर क्रॉसवॉक पार कर रहा था। यह जानकारी पुलिस ने दी है। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि कार्तिक सैनी अगस्त 2021 में कनाडा आया था। शेरिडन कॉलेज के छात्र सैनी को बीती शाम करीब 4.30 बजे यंग स्ट्रीट और सेंट क्लेयर एवेन्यू के चौराहे पर एक सफेद पिकअप ट्रक ने टक्कर मार दी।

पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक क्रॉसवॉक के माध्यम से दाहिने मुड़ रहा था, जब उसने साइकिल चालक को टक्कर मार दी।

पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, फोर्ड एफ-250 पिक-अप के चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी और योंग स्ट्रीट पर बाइक और साइकिल चालक को वाहन के नीचे दबा दिया।

दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे चिकित्सकों ने सैनी को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा, यातायात सेवाओं के सदस्यों द्वारा जांच जारी है।

परिवार के एक सदस्य रवि सैनी ने शनिवार को ओंटारियो प्रीमियर को संबोधित करते हुए ट्वीट किया, टोरंटो के खतरनाक चौराहे पर शेरिडन कॉलेज के छात्र कार्तिक सैनी की मौत से हमारा परिवार टूट गया है और हम चाहते हैं कि स्थानीय अधिकारी उसके शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाने में हमारी मदद करें।

इस बीच सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए टोरंटो स्थित एक स्वयंसेवी समूह एडवोकेसी फॉर रेस्पेक्ट फॉर साइक्लिस्ट्स ने 30 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया है।

बैंक अधिकारी बन खाते से उड़ाए डेढ़ लाख रुपए

इंदौर (आरएनएस)। राजेंद्र नगर थाना अंतर्गत एक शख्स ने बैंक अधिकारी बनकर महिला के खाते से डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिए। शिव सिटी निवासी 50 वर्षीय अनीता कुमार ने राजेंद्र नगर थाना में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। टीआइ अजय मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष अनीता के पति का निधन हो गया था। तभी एक युवक उनके घर आया और स्वयं को बैंक अधिकारी बताते हुए कहा कि मैं आपके पति का सारा पैसा बैंक से निकाल दूंगा। इस पर महिला ने भेजी गई लिंक से एक रुपया भेजा, वैसे ही उसके खाते से 1.65 हजार रुपये निकल गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

मिनी ट्रक व कार की टक्कर में तीन की मौत

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। यूपी के मुजफ्फरनगर जिले में बीती देर रात एक अनियंत्रित मिनी ट्रक और कार की भिड़तं हो गई। हादसे एक बच्ची समेत उसके माता-पिता की घटनास्थल मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोगो को चिंताजनक हालत मे अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि नोएडा निवासी कार सवार पांच लोग हरिद्वार से नोएडा वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नई मंडी कोतवाली थाना क्षेत्र के रेथड़ी बाईपास पर एक अनियंत्रित मिनी ट्रक रोड डिवाइडर तोड़ के विपरित दिशा से आ रही एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

नई मंडी कोतवाली थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटना में घटनास्थल पर ही दो वर्षीय बच्ची और उसके माता-पिता की मौत हो गई। जबकि 2 अन्य लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरो ने दोनों की चिंताजनक हालत देख मेरठ रेफर कर दिया गया।

मृतकों की पहचान अशीष अवस्थी, नूपुर अवस्थी और दो वर्षीय बच्ची कासमी के रूप में की गई है। जबकि घायलों की पहचान दीपक और रत्ना त्रिपाठी के रूप में हुई। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

एसएचओ ने कहा पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और मिनी ट्रक को कब्जे मे लिया है। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

स्पेस सेक्टर की सफलता को पड़ोसी देशों से भी साझा कर रहा भारत : मन की बात में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने मंथली रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' को संबोधित किया। यह उनके कार्यक्रम का 95वां एपिसोड है। पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात शतक पूरा करने की ओर बढ़ रहा है। यह कार्यक्रम मेरे लिए 130 करोड़ देशवासियों से जुडऩे का एक और माध्यम है।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही मुझे तेलंगाना से हरिप्रसाद गारू ने हाथ से त्र-20 का लोगो बुनकर भेजा है। ये शानदार उपहार देखकर मैं हैरान रह गया। मेरे मन में विचार आया कि तेलंगाना में बैठा व्यक्ति में त्र-20 सम्मेलन से खुदको कितना जुड़ा हुआ महसूस करता है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और बीजेपी सांसद रवि शंकर प्रसाद अहमदाबाद में पीएम नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुन रहे हैं। वहीं, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'साथियों, भारत स्पेस के सेक्टर में अपनी सफलता, अपने पड़ोसी देशों से भी साझा कर रहा है। कल ही भारत ने एक सेटेलाइट लॉन्च की, जिसे भारत और भूटान ने मिलकर डेवलप किया है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण को लेकर संवेदनशीलता की बात हो, या फिर सतत विकास की, भारत के पास इनसे जुड़ी चुनौतियों का समाधान है। हमने(जी-20 के लिए) 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' की जो थीम दी है, उससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। पीएम मोदी ने कहा, 'ड्रोन के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले हमने देखा कि कैसे हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में ड्रोन के जरिए सेब ट्रांसपोर्ट किए गए।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'बीते 8 वर्षों में भारत से म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट का निर्यात साढ़े तीन गुना बढ़ गया है। इलेक्ट्रिकल म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट की बात करें तो इनका निर्यात 60 गुना बढ़ा है। इससे पता चलता है कि भारतीय संस्कृति और संगीत की लोकप्रियता दुनिया में बढ़ रही है।'

मोदी ने कहा कि नागा संस्कृति के जो खूबसूरत आयाम धीरे-धीरे खोने लगे थे उन्हें 'रुढ़ढष्ठढ़ढ यक्रह्व' संस्था ने पुनर्जीवित करने का काम किया है। उदाहरण के लिए इस संस्था ने नागा संगीत की एल्बम लॉन्च करने का काम शुरू किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'कोई पर्यावरण के लिए प्रयास कर रहा है, कोई पानी के लिए काम कर रहा है, कितने ही लोग शिक्षा, चिकित्सा और विज्ञान तकनीक से लेकर संस्कृति-परंपराओं तक, असाधारण काम कर रहे हैं। आज हमारा हर नागरिक अपने कर्तव्य को समझ रहा है जब ऐसी कर्तव्य भावना किसी राष्ट्र के नागरिकों में आ जाती है, तो उसका स्वर्णिम भविष्य अपने आप तय हो जाता है और देश के ही स्वर्णिम भविष्य में हम सबका भी स्वर्णिम भविष्य है।' पीएम मोदी हर महीने के आखिरी रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम करते हैं। इस कार्यक्रम में मोदी अक्सर पिछले महीने में हुई घटनाओं का जिक्र करते हैं और आने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रमों की चर्चा करते हैं। पिछले कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमने ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए इसकी लाइसेंसिंग की प्रक्रिया को आसान किया है।